# चीन की नाक के नीचे भारतीय नौसेना ने किया जंग का अभ्यास

जंगी अभ्यास

## भारतीय युद्धपोत ने जापान और दक्षिण कोरिया की सेना के साथ तैयारियों को परखा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच भारत ने समुद्र में चीनी ड्रैगन की चुनौती मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक जंगी जहाज आईएनएस किलटान ने पूर्वी चीन सागर में जापान और दक्षिण कोरिया की सेना के साथ मिलकर जंग लड़ने का अभ्यास किया है। यह वही क्षेत्र है जहां पर चीन का अपने पड़ोसी देश जापान और ताइवान के साथ तनाव काफी बढ़ गया है।

ऐंटी सबमरीन खूबियों से लैस स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस किलटान को भारतीय नौसेना ने सुदूर पूर्व के दौरे पर तैनात किया है। इसी तैनाती के दौरान भारतीय जंगी जहाज ने जापान के जेएस हमाना युद्धपोत के साथ पूर्वी चीन सागर में द्विपक्षीय अभ्यास किया। इस दौरान दोनों ही देशों की नौसेनाओं ने एक–दूसरे के साथ मिलकर जंग लड़ने का अभ्यास किया।

**दक्षिण कोरियाई जंगी जहाज के साथ युद्ध की तैयारी:** इसके बाद भारतीय नौसैनिक युद्धपोत ने दक्षिण कोरियाई जंगी जहाज के साथ युद्ध की तैयारियों को परखा। दक्षिण कोरिया की ओर से ग्येओंगनम नामक के फ्रीगेट ने हिस्सा लिया। भारतीय नौसेना ने एक बयान जारी करके बताया कि यह अभ्यास 28 जून को हुआ। खबरों के मुताबिक अब भारतीय युद्धपोत चीन के एक अन्य विरोधी देश फिलीपीन्स के पास पहुंच गया है।



वहीं इंडियन नेवी के एक अन्य युद्धपोत आईएनएस ऐरावत पिछले दिनों वियतनाम के कैमरान्ह बे इलाके का दौरा किया था। नौसेना ने बताया कि इस युद्धपोत को कैमरान्ह बे इलाके में तैनात किया गया है। भारतीय युद्धपोत ऐसे समय पर साउथ चाइना सी पहुंचा है जब चीन का अपने पड़ोसी देशों के साथ विवाद काफी बढ़ गया है। साथ ही चीनी जहाजों की घुसपैठ लगातार हिंद महासागर में बढ़ती जा रही है।

**आईएनएस किलटान का 81 फीसदी हिस्सा स्वदेशी:** भारत ने चीन को दिखा दिया है कि अगर वह उसके प्रभाव के क्षेत्र हिंद महासागर में घुसपैठ कर सकता है तो भारतीय जंगी जहाज भी साउथ चाइना सी की गहराईयों को नापने के लिए कभी भी पहुंच सकते हैं। इससे पहले भारत ने गलवान घाटी हिंसा के बाद अपने एक युद्धपोत को दक्षिण चीन सागर में तैनात कर दिया था। इस युद्धपोत को उस इलाके में तैनात किया गया है, जहां चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी की नौसेना ने किसी भी अन्य फोर्स की मौजूदगी पर ऐतराज जताया था।

इस जहाज का 81 फीसदी हिस्सा स्वदेशी है और परमाणु, जैविक और रासायनिक हमलों से मुकाबले के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है। इसमें देश में ही बने कई हथियारों और सेंसरों को जोड़ा गया है। यह हैवीवेट टारपीडो, रॉकेट, 76 मिमी कैलिबर मीडियम रेंज गन और 2 मल्टीबैरल 30 एम. एम. बंदूकों से लैस है। यह पहला प्रमुख जहाज है, जिसकी डिलिवरी से पहले सभी प्रमुख हथियारों और सेंसरों के समुद्री परीक्षण किए गए हैं।

## न्यूज डायरी



### भारत के खिलाफ झूठ पर एफएटीएफ ने नहीं दिया साथ, भड़के कुरैशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत के खिलाफ झूठ पर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के साथ नहीं देने पर पाकिस्तान के बड़बोले विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भड़क उठे हैं। लश्कर आतंकी हाफिज सईद के घर के पास हुए विस्फोट के बहाने कुरैशी ने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत के खिलाफ पाकिस्तानी चिंताओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। कुरैशी ने कहा कि अगर समय से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने ध्यान दिया होता तो लाहौर में जोहर टाउन इलाके में विस्फोट नहीं होता। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि इस विस्फोट के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के हाथ होने के स्पष्ट साक्ष्य हैं। कुरैशी ने कहा कि आंतक फैलाने के स्पष्ट साक्ष्य को देखते हुए एफएटीएफ की यह ड्यूटी है कि वह भारत से पूछे कि वह क्यों पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों में मदद कर रहा है।

### दुनिया में फैल रहा कोरोना का रहस्यमय वेरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। लैटिन अमेरिकी देश पेरू से कोरोना वायरस का एक और घातक वेरिएंट लांब्डा बड़ी तेजी से दुनिया में फैलना शुरू हो गया है। अब तक 27 देशों में इस वेरिएंट के मामले सामने आ चुके हैं। इस कोरोना वेरिएंट में असामान्य तरीके का म्यूटेशन है जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन का ध्यान इस ओर गया है और दुनियाभर के वैज्ञानिकों की टेंशन बढ़ गई है। इस बीच अमेरिका ने कहा कि देश में कोरोना से हो रही मौतों में 99 फीसदी लोग ऐसे हैं जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है। ब्रितानी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना लांब्डा वेरिएंट में असामान्य म्यूटेशन देखा गया है। इस वेरिएंट को शुरू में सी.37 नाम दिया गया था। ब्रिटेन में भी इस वेरिएंट के 6 मामले सामने आ चुके हैं।

### कोविड में मुझे जेल भेजना मौत की सजा जैसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा ने कहा कि कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान उन्हें जेल भेजना मौत की सजा के बराबर है। जुमा ने कांडला स्थित अपने घर से रविवार शाम पत्रकारों को संबोधित किया। इससे पहले देश की शीर्ष अदालत ने उन्हें खुद को पुलिस के हवाले करने को कहा, ताकि उनकी 15 साल कैद की सजा पूरी हो सके। जुमा ने कहा, वैश्विक महामारी का कहर चरम पर होने के दौरान मेरी उम्र के शख्स को जेल भेजना मौत की सजा के बराबर है। दक्षिण अफ्रीका में 1995 में मौत की सजा को असंवैधानिक घोषित कर दिया गया था। संवैधानिक अदालत जुमा की सजा रद करने की उनकी याचिका पर सुनवाई को शनिवार को सहमत हो गई थी। पूर्व राष्ट्रपति ने सजा रद्द करने के लिए अपनी 79 वर्षीय उम्र, स्वास्थ्य कारणों तथा अन्य अनिद्दष्ट कारणों का हवाला दिया है।

### बाइडन ने वैक्सीन लगवाने को बताया सबसे बड़ी देशभक्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों से कहा है कि वैक्सीन देशभक्ति जताने का सबसे बेहतर माध्यम है। आप इसको लगवाकर देशभक्ति का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम स्वतंत्रता दिवस का उत्सव पूरे जोश के साथ मनाएं, लेकिन ध्यान रहे कि महामारी के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम गर्व से कह सकते हैं कि अमेरिका महामारी से पहले की स्थिति में लौट रहा है। इसके लिए हमने वैक्सीन को प्राथमिकता दी और अब धीरे–धीरे सब कुछ सामान्य हो रहा है। राष्ट्रपति बाइडन ने पहली बार व्हाइट हाउस में एक हजार लोगों के बीच स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन किया। राष्ट्रपति की महामारी में यह पहली सबसे बड़ी सभा थी। हालांकि अभी भी अमेरिका में दो सौ से ज्यादा लोगों की हर रोज मौत हो रही है।

## किम जोंग उन की सनक का करारा जवाब देगा दक्षिण कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सोल। अपनी परमाणु मिसाइलों के दम पर पूरी दुनिया को दहशत में डालने वाले उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन की सनक का करारा जवाब देने के लिए दक्षिण कोरिया ने तैयारी पूरी कर ली है। दक्षिण कोरिया ने पिछले सप्ताह पहली बार पनडुब्बी से दागे जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसके साथ ही दक्षिण कोरिया उन कुछ चुनिंदा देशों की कतार में शामिल हो गया है जो एसएलबीएम बनाने की क्षमता रखते हैं।

योन्हप टीवी न्यूज के मुताबिक दक्षिण कोरिया के अलावा उत्तर कोरिया दुनिया का सातवां ऐसा देश है जिसके पास यह क्षमता है। अभी तक जितने भी देशों ने यह मिसाइल बनाई है, उनके पास परमाणु हथियार हैं। हालांकि दक्षिण कोरिया के पास परमाणु बम नहीं है। इस दक्षिण कोरियाई मिसाइल के बारे में अभी ज्यादा डिटेल नहीं सामने आई है लेकिन कहा जा रहा है कि ह्यूनमो 2बी मिसाइल का नौसैनिक संस्करण है।

दक्षिण कोरिया का उत्तर कोरिया के साथ तनाव बढ़ा इस मिसाइल की मारक क्षमता करीब 500 किमी बताई गई है। माना जा रहा है कि इस नई मिसाइल के आने से उत्तर कोरिया के खिलाफ दक्षिण कोरिया की ताकत और ज्यादा बढ़ जाएगी।



## अजरबैजान के तट पर समुद्र में ज्वालामुखी जैसा भीषण विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाकू। अजरबैजान के तट पर समुद्र में तेल और गैस फील्ड में भीषण धमाका हुआ है। यह धमाका इतना जोरदार था कि आकाश में आग की विशाल लपटें देखी गईं। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि तेल रिग या टैंकर इस धमाके में बर्बाद हो गया है। बताया जा रहा है कि यह धमाका उमीद गैस फील्ड में हुआ जो कैस्पियन सागर में स्थित है। इस घटना के वायरल वीडियो में हवा में आग का गोला नजर आ रहा है। अभी तक अजरबैजान की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि विस्फोट किन वजहों से हुआ या कोई इसमें हताहत हुआ है या नहीं।

## मर्लिन मुनरो को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के भाई ने दिया था जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पूर्व जासूस का बड़ा खुलासा

वॉशिंगटन। अमेरिका की सेक्स सिंबल कही जाने वाली हॉलीवुड की चर्चित स्टार और सिंगर मर्लिन मुनरो की मौत आज भी पूरी दुनिया के लिए रहस्य बनी हुई है। मर्लिन का तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी और उनके भाई बॉबी केनेडी के साथ कथित रूप से प्रेम संबंध था। मर्लिन की मात्र 36 साल की अवस्था में मौत के बाद इसे आत्महत्या करार दिया गया था। अब एक पूर्व जासूस रह चुके माइक रोथमिलर ने दावा किया है कि मर्लिन को बॉबी केनेडी ने एक बेहद गोपनीय जहर दिया था।

इस टॉप सीक्रेट जहर का निर्माण अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने किया था। माइक रोथमिलर ने कहा कि मर्लिन मुनरो को अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके भाई के साथ प्रेम संबंधों के बारे में सार्वजनिक रूप से ऐलान करने से रोकने के लिए बॉबी केनेडी ने उन्हें जहर दे दिया था। आधिकारिक रूप से कहा गया था कि कई बार डिप्रेशन और नशा करने के लिए कुख्यात रही मर्लिन मुनरो ने 4 अगस्त 1962 की शाम को जहर खाकर जान दे दी।

**जहन एफ केनेडी के साथ मुनरो के प्रेम संबंध की अफवाह:** शादीशुदा जिंदगी जी रहे तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी के साथ मुनरो के प्रेम संबंध की अफवाह के बाद भी इस बात की कभी पुष्टि नहीं हो सकी कि दोनों का करीबी रिश्ता था। यही नहीं दोनों की केवल एकमात्र असली फोटो साथ है। इस पुलिस डोजियर में खुलासा हुआ है कि चर्चित गायिका और अभिनेत्री को अमेरिकी अटॉर्नी जनरल ने मारा डाला था और उस समय पुलिस ने इस पूरे मामले को छिपा दिया था। रोथमिलर ने कहा, जब मैं यूनिट में गया तो मुझे इसका कोई आइडिया नहीं था कि वहां पर क्या था। किसी को इसकी जानकारी नहीं थी। वहां पर केनेडी परिवार की तीन फाइलें थीं। ये तीनों एक–दूसरे से मकड़ी के जाले की तरह से जुड़ी हुई थीं।

## अफगानिस्तान छोड़ रहा है अमेरिका, चीन ने की कब्जे की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में करीब 20 साल तक तालिबान और अलकायदा के साथ जंग लड़ने के बाद अब अमेरिका चुपचाप वापस लौट रहा है। शुक्रवार को अमेरिका की सेना ने बगराम एयरबेस को भी अलविदा कह दिया। यह वही हवाई अड्डा था जहां से वह तालिबान पर हमले करता था। इस बीच अमेरिकी सेना के जाते ही चीन ने अपनी चाल चल दी है। चीन की कोशिश चाइना–पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर को अफगानिस्तान तक बढ़ाकर अमेरिका की जगह लेने की है। चीन अपने मकसद में कामयाब होता है तो भारत के लिए यह चिंता की बात होगी। भारत ने अरबों डॉलर का निवेश अफगानिस्तान में कर रखा है। दरअसल, इस युद्धग्रस्त देश के प्राकृतिक संसाधनों पर चीन कब्जा करना चाहता है। इसी वजह से चीन करीब 62 अरब डॉलर की बेल्ट एंड रोज प्रॉजेक्ट का हिस्सा कहे जाने वाले सीपीईसी का विस्तार अफगानिस्तान तक करना चाह रहा है। इसके जरिए वह कई देशों में भारी पैमाने पर निवेश कर रहा है।